प्रेषिका,

ममता सिंह,
अपर जिला जज, कोर्ट सं0–03, उन्नाव।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
उन्नाव।

**विषयः–** शासनादेश सं0–14/2024/सा–3–243/दस–2024/301(1)2024, दिनांक–28 जून, 2024 के अन्तर्गत पुरानी पेंशन हेतु विकल्प चयन करने का प्रार्थना पत्र।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थिनी की नियुक्ति उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में उत्तर प्रदेश शासन के दिनांक–26.05.2006 के नियुक्ति आदेश (नियुक्ति अनुभाग–4, संख्या–2430/दो–4–06–32(1)/2001 टीसी.–1) से हुई थी। प्रार्थिनी ने माननीय उच्च न्यायालय के नॉटिफिकेशन नं0–1185/DR(S)/2006, दिनांकित–13.06.2006 के अनुक्रम में दिनांक–15.06.2006 को जनपद बलिया में सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम वर्ग) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। **प्रार्थिनी की उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में नियुक्ति हेतु विज्ञापन 22–28 नवम्बर, 2003 के रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन सं0–ए–2/ई–1/2003 के अन्तर्गत हुई थी।** इस प्रकार प्रार्थिनी शासनादेश संख्या–14/2024/सा–3–243/दस–2024/301(1) 2024, दिनांकित–28 जून, 2024 के अनुक्रम में पुरानी पेंशन योजना से अच्छादित होने की पात्र है।

प्रार्थिनी, शासनादेश सं0–20/2024/सा–3–276/दस–2024/301(1) 2024, दिनांकित–11 जुलाई 2024 के अनुक्रम में, अपना विकल्प पत्र **पुरानी पेंशन योजना** में सम्मिलित करने हेतु प्रेषित कर रही है। अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि प्रार्थिनी को **पुरानी पेंशन योजना** के अन्तर्गत शामिल किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने की कृपा करें।

सादर।

भवदीया,
Mamta Singh
19.07.2024
**( ममता सिंह )**
अपर जिला जज, कोर्ट सं0–03, उन्नाव।
आई0डी0 नं0- UP 6337

दि0–19.07.2024

**संलग्नक :–**

1– पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने हेतु विकल्प पत्र।

MAMTA SINGH

19.07.2024 12:28